पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 249 हल्द्वानी मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठ: 8

## पीएम मोदी ने किया दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

### एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी नई गति देगा : मोदी



**देहरादून।** देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के एक महत्वपूर्ण खंड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी नई गति देगा।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली से देहरादून के बीच की दूरी अब पहले की तुलना में काफी कम समय में तय की जा सकेगी। इससे उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को भी बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। यह एक्सप्रेसवे आधुनिक तकनीक से बनाया गया है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। मार्ग के आसपास हरित क्षेत्र विकसित किए गए हैं तथा वन्यजीवों के लिए विशेष कॉरिडोर भी बनाए गए हैं।परियोजना के पूरा होने के बाद दिल्ली से देहरादून की यात्रा, जो पहले 6-7 घंटे लेती थी, अब लगभग 2.5 से 3 घंटे में पूरी हो सकेगी। इससे व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने इस परियोजना का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। मैं पंच बद्री, पंच केदार, पंच प्रयाग और यहां के आराध्य देवों को प्रणाम करता हूं। संतला माता को भी प्रणाम। इतने बड़े प्रोजेक्ट को पूरा करने में मां डाट काली का आशीर्वाद मिला। उत्तराखंड 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका। आज से प्रगति में एक और उपलब्धि जुड़ी है। इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से निकला था। ये प्रोजेक्ट उत्तराखंड को नई गति देगा। इससे गाजियाबाद, बागपत, बड़ौत, शामली, सहारनपुर को भी बहुत फायदा होगा। आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है। मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमारी सरकार ने जो निर्णय लिए वो संविधान को पूरी तरह लागू करने वाले हैं। आर्टिकल 370 हटने के बाद आज पूरे देश मे संविधान लागू है। उत्तराखंड ने संविधान की भावना को आगे बढ़ाकर पूरे देश को राह दिखाई है।

## एक नजर

### अंबेडकर जयंती पर सीएम ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय संविधान के निर्माता एवं 'भारत रत्न' डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के विचार एक सशक्त, समावेशी एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण हेतु मार्गदर्शक हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता एवं समानता को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें।

### सड़क किनारे सो रहे युवक को रौंदा

**रुद्रपुर।** आज दोपहर सड़क किनारे सो रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक का सर फट गया और उसका पूरा भेजा बाहर आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर समाज सेवी सुशील गाबा और पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक आज दोपहर एक श्रमिक युवक सिडकुल स्थित वोल्टास कंपनी के बाहर सड़क किनारे सो रहा था इसी दौरान तेज गति से जा रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसके सिर के चिथड़े उड़ गए। जिससे आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया।

### राजधानी दून में पीएम मोदी का भव्य रोड शो



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजधानी देहरादून में ऐतिहासिक रोड शो कर जनसमर्थन का शक्ति प्रदर्शन किया। सिद्धपीठ मां डाट काली के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद प्रधानमंत्री 12 किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए निकले। पहली बार दून की सड़कों पर इतना लंबा रोड शो देखने को मिला, जिसमें भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। रोड शो के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने फूल वर्षा कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## अंबेडकर जयंती पर हल्द्वानी में भव्य शोभा यात्रा

### जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत





**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर में विभिन्न स्थानों से होते हुए यह यात्रा जैसे ही तिकोनिया क्षेत्र पहुंची, वहां मौजूद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने इसका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व पार्षद राधा आर्या एवं विनोद कुमार पिन्नु ने अपने समर्थकों के साथ शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर बाबा साहेब के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद राधा आर्या ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान ने महिलाओं को समानता का अधिकार दिया है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया और कहा कि दलित समाज के उत्थान में बाबा साहेब का योगदान अतुलनीय है।

वहीं विनोद कुमार पिन्नु ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा। इस अवसर पर चन्दन लाल कनोजिया, जया कर्नाटक, चंपा चिलवाल, मंजू दानू, आरती पपोला, हरीश सिनोली, राजेन्द्र लाल, कैप्टेन हरीश चन्द्र, शोभा आर्या, पुष्पा देवी, सुशीला देवी, ज्योति चौहान, हर्षिता, लक्की राजपूत, हिमांशु आर्या, दयाल, शैलेन्द्र कुमार, मोहनीश कुमार, हैप्पी माहेश्वरी, रोहित कुमार, दीपक कुमार, पवन कनोजिया, सूरज प्रकाश, कृष्णवती सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

शहर में निकली इस शोभा यात्रा ने सामाजिक एकता और बाबा साहेब के विचारों के प्रति लोगों की आस्था को प्रदर्शित किया।

### उत्तराखंड में आईएफएस अधिकारियों के तबादले


**देहरादून।** देहरादून में लंबे समय से प्रतीक्षित भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों की तबादला सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में 13 वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है, जिससे वन विभाग में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है। शासन के इस फैसले को विभागीय कार्यों में तेजी और बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। जारी सूची के अनुसार प्रमुख वन संरक्षक कपिल लाल से मुख्य वन संरक्षक (पर्यावरण) की जिम्मेदारी वापस ले ली गई है। अब उन्हें सीईओ और नियोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रमुख वन संरक्षक एस पी सुबुद्धि से नोडल अधिकारी का दायित्व हटा दिया गया है, जबकि उनके पास वन पंचायत, जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष और राज्य पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशक की जिम्मेदारी यथावत रहेगी।

## ऊर्जा और अनुशासन की मिसाल बने भगत दा, युवाओं के लिए प्रेरणा

सुरेश पाठक

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी 'भगत दा' एक बार फिर अपनी अद्भुत कार्यशैली और सक्रियता को लेकर चर्चा में हैं। उम्र के इस पड़ाव में भी उनके तेज रफ्तार कार्यक्रम किसी युवा नेता से कम नहीं, बल्कि कई मायनों में उनसे आगे दिखाई देता है।

कभी-कभी जीवन हमें ऐसे दृश्य दिखा देता है, जो शब्दों से नहीं, बल्कि भीतर से महसूस किए जाते हैं। भगत सिंह कोश्यारी, हमारे अपने 'भगत दा', उन्हीं दुर्लभ व्यक्तित्वों में से एक हैं, जिनकी रफ्तार सिर्फ कदमों में नहीं, बल्कि उनके इरादों में बसती है।



सुबह यह सुनने को मिला कि भगत दा आज हल्द्वानी में हैं। मन में एक सहज उत्साह जागा, मुलाकात हो जाए, कुछ पल साथ बैठकर उनके अनुभवों को सुनने का अवसर मिले। लेकिन जब तक कदम उनके आवास तक पहुँचते, वह आगे बढ़ चुके थे, फतेहपुर, अम्बेडकर जयंती के एक कार्यक्रम में उन्हें जाना था।

यहीं से शुरू होती है एक सोच क्या वास्तव में कोई व्यक्ति इस उम्र में इतना सक्रिय हो सकता है? जवाब सामने था हाँ, अगर उसके भीतर सेवा का जुनून जिंदा हो। जब आगे का कार्यक्रम पता चला कि वह आज ही कोटद्वार, फिर देहरादून, और उसके बाद मुंबई जाने वाले हैं, तो यह केवल एक यात्रा नहीं लगी, बल्कि यह एक संदेश था। यह संदेश था कि थकान शरीर में नहीं, सोच में होती है, और जिनकी सोच जीवंत हो, उनका हर दिन एक नई शुरुआत होता है।

भगत दा की यही विशेषता उन्हें भीड़ से अलग करती है। वह पदों से बड़े नहीं बने, बल्कि अपने कर्मों से उन्होंने पदों को बड़ा किया। उनके कदमों की गति में एक गहरी सादगी है, एक ऐसी प्रतिबद्धता है जो दिखावे से दूर और जमीन से जुड़ी हुई है। आज की युवा पीढ़ी, जो अक्सर जल्दी थक जाती है या छोटी-छोटी बाधाओं में रुक जाती है, उसके लिए भगत दा एक जीवंत उदाहरण हैं। वह सिखाते हैं कि अगर दिल में सेवा का भाव हो, तो रास्ते खुद बनते चले जाते हैं। उम्र सिर्फ एक संख्या है, असली ताकत आपके इरादों में होती है।

शायद मुलाकात नहीं हो पाई, लेकिन कभी-कभी दूर से दिखती हुई एक छवि भी बहुत कुछ सिखा जाती है। भगत दा की वह भागती हुई दिनचर्या, वह लगातार आगे बढ़ते कदम यह सब एक प्रेरणा बनकर मन में बस जाते हैं।

## सम्पादकीय

### आधुनिक भारत के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में यदि किसी एक व्यक्तित्व ने समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों को जीवन का लक्ष्य बनाकर उन्हें संस्थागत रूप देने का कार्य किया, तो वह थे डॉक्टर भीम राव अंबेडकर। वे केवल भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार नहीं थे, बल्कि सामाजिक न्याय के उस विराट आंदोलन के प्रणेता थे, जिसने सदियों पुरानी असमानताओं को चुनौती दी। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और ज्ञान की शक्ति का प्रतीक है। एक ऐसे समाज में जन्म लेने के बावजूद, जहां छुआछूत और जातिगत भेदभाव गहरे पैठे हुए थे, उन्होंने शिक्षा को अपना हथियार बनाया और जैसे तैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि प्रतिभा किसी जाति या वर्ग की मोहताज नहीं होती। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान केवल विधिक प्रावधानों तक सीमित नहीं था, बल्कि वह एक सामाजिक क्रांति का दस्तावेज था। समानता का अधिकार, मौलिक अधिकार, और विधि के समक्ष सभी की समानता जैसे सिद्धांतों को उन्होंने संविधान में इस प्रकार पिरोया कि वह आज भी भारतीय लोकतंत्र की आत्मा बने हुए हैं। उनके विचार में, राजनीतिक लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब वह सामाजिक लोकतंत्र पर आधारित हो। आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना उन्होंने देखा था? क्या सामाजिक और आर्थिक विषमताएं वास्तव में समाप्त हो पाई हैं? वास्तविकता यह है कि आज भी समाज के कई वर्ग हाशिए पर हैं। जातिगत भेदभाव, आर्थिक असमानता और शिक्षा में विषमता जैसी समस्याएं हमें यह याद दिलाती हैं कि अंबेडकर का सपना अभी अधूरा है। ऐसे में उनके विचारों को केवल किताबों तक सीमित रखना, उनके संघर्ष का अपमान होगा। डॉ. अंबेडकर का संदेश स्पष्ट था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यही संदेश आज के भारत के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। यदि हम वास्तव में उन्हें श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो हमें एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करना होगा, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और न्याय केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि वास्तविकता बन सके। डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं एक ऐसी विचारधारा, जो हर उस अन्याय के खिलाफ खड़ी होती है, जो मनुष्य की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को अपने जीवन और नीतियों में उतारें, ताकि भारत वास्तव में एक समतामूलक और न्यायपूर्ण राष्ट्र बन सके।

# डमरू की थाप कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील : महापौर

### रिंग रोड के झूठ का पर्दाफाश होने से विपक्षी बेचैन ,संस्कृति और आस्था पर चोट करने वालों को माफ नहीं करेगी जनता

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए भारतीय संस्कृति और धार्मिक प्रतीकों के प्रति उनके रवैये की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में त्रिशूल और डमरू जैसे पवित्र प्रतीकों पर राजनीति करना कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। महापौर ने कहा कि हाल ही में जब से रुद्रपुर रिंग रोड को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का साक्ष्यों के साथ पर्दाफाश किया गया तब से विपक्षी खेमे में भारी बेचैनी और घबराहट का माहौल है।विकास शर्मा ने कहा कि जिस डमरू का विपक्षी दल मखौल उड़ा रहे हैं, वह वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हो रहे चहुंमुखी विकास की थाप है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की मौजूदा हरकतें विकास की इस थाप के सामने उनकी अपनी बौखलाहट का विलाप मात्र हैं। डमरू की थाप से वही लोग भयभीत हैं जो केवल कठपुतली की तरह राजनीति करना जानते हैं।भारतीय संस्कृति पर कटाक्ष करने को लेकर महापौर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस पार्टी के शीर्ष नेता खुद अपनी छवि और अपरिपक्वता के कारण चर्चा में रहते हों, उनसे भारतीय संस्कृति और आस्था की गहराई समझने की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को डमरू और त्रिशूल जैसे प्रतीकों से डर इसलिए लगता है क्योंकि अब देश में तुष्टीकरण की राजनीति का अंत हो गया है। जनता अब केवल विकास और राष्ट्रवाद की विचारधारा पर



भरोसा कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण समय-समय पर भाजपा के पक्ष में मिल रहा जनसमर्थन है। महापौर ने कहा कि उनका एकमात्र एजेंडा अब केवल झूठ फैलाना और विकास कार्यों में बाधा डालना रह गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता पिछले कुछ दिनों से विकास कार्यों को लेकर सफेद झूठ और अफवाहें फैला रहे थे। जब हमने मीडिया के साथ मौके पर जाकर उनके इस झूठ का कच्चा चिट्ठा खोला और जनता के सामने सच्चाई रखी, तब से विपक्षी खेमे में भारी छटपटाहट है। इसी बौखलाहट में वे अब हमारे आराध्य देवों के प्रतीकों को राजनीति में घसीट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की विकासपरक सोच और धामी सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों के साथ मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस द्वारा बोले गए हर झूठ का जवाब जनता आगामी समय में भी इसी तरह भाजपा के पक्ष में जनादेश देकर देगी।महापौर ने कहा कि कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा से ही हमारे देवी-देवताओं और सांस्कृतिक मान-बिंदुओं पर आपत्ति जताने का रहा है। जिस डमरू और त्रिशूल का ये लोग उपहास उड़ा रहे हैं, वही उनकी राजनीति के अंत का कारण बनेगा। विकास शर्मा ने कहा कि रूद्रपुर में जब भव्य त्रिशूल स्थापित किया गया, तब भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अनर्गल बयानबाजी की थी और आज जब महादेव के डमरू की बात हो रही है, तो पूरी कांग्रेस विलाप कर रही है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, मैं कांग्रेस के उन नेताओं को बता देना चाहता हूं कि जब महादेव का डमरू बजेगा, तो उनके युवराज को यहां से भागने का रास्ता नहीं मिलेगा। जिन लोगों को भगवान राम और भगवान शिव के अस्तित्व से हमेशा आपत्ति रही है, उन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना और भारतीय संस्कृति को नीचा दिखाना कांग्रेस का मूल चरित्र बन चुका है। जनता अब इनकी कठपुतली राजनीति को समझ चुकी है। लोग विकास की सोच रखने वाली भाजपा पर अटूट विश्वास जता रहे हैं, जिससे कांग्रेस का वजूद खतरे में पड़ गया है। महापौर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस के लोग जितना अधिक झूठ बोलेंगे, जनता उतनी ही ताकत से भाजपा के पक्ष में जनादेश देकर उन्हें करारा जवाब देगी। 2027 के चुनाव में यह डमरू की थाप कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी।

### तेज रफ्तार डंपर बना मौत का कारण, तीन युवकों की गई जान

**सितारगंज।** क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने ठेला गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 9 अप्रैल की शाम गांव गौरीखेड़ा निवासी मो. यामीन का बेटा मो. गुलफाम अपने साथियों मो. शादाब, मो. कैफ, मो. सुल्तान और मो. नाजिम के साथ सब्जी से भरी ठेला गाड़ी में सवार होकर यूपी के मुंडलिया गांव जा रहा था। इसी दौरान गांव मलपुरी स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ठेला को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि ठेला गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे में मो. शादाब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को तुरंत उप जिला अस्पताल सितारगंज पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान मो. सुल्तान और मो. नाजिम ने भी दम तोड़ दिया।

गंभीर रूप से घायल मो. कैफ का इलाज बरेली के राममूर्ति अस्पताल में जारी है, जबकि गुलफाम को हल्की चोटें आई हैं।

# सुरों की मल्लिका थी आशा भोसले

### बेहतरीन तरीके से गाने गाये जो आज आज भी लोगों की जुबान पर

तमाम गानों को अपनी मखमली आवाज से सजाने वाली दिग्गज गायिका का मुंबई के बीच कैंडी अस्पताल में दुखद: अंत हो गया उन्होंने अपनी मधुर व बहुमुखी वर्सेटाइल आवाज का जादू बिखेरा हर शैली मे चाहे वह पाप ,राक हो या भक्ति संगीत,ग़ज़ल, ठुमरी,शास्त्रीय गायन ,मैलोडी, बच्चों के गाने, रोमांटिक गाने जिसमें,,, तोरा मन दर्पण कहलाए, चंदा मामा दूर के,इन आंखों की मस्ती के,पिया तू अब तो आ जा ,दम मारो दम ,दिल चीज क्या है,अभी न जाओ छोड़ कर,जरा सा झूम लूं मैं , उड़े जब जब जुल्फें तेरी,जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मकां वो फिर नहीं आते जैसे संवेदनशील बेहतरीन तरीके से गाने गाये जो आज आज भी लोगों की जुबान



पर है फिल्म उमराव जान के गानों के लिए उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने लगभग 20 भाषाओ में 12000से ज्यादा गानो को अपनी सुरीली आवाज से सजाने वाली भारतीय संगीत की इस दिग्गज गायिका ने 7 दशको तक अपनी गायकी से देश- विदेशो में मखमली आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने सर्वप्रथम 1943मे एक मराठी फिल्म के लिए गाना गाया।1997मे ग्रेमी पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय गायिका बनीं। फिर 2008मे राष्ट्रपति द्वारा पद्मविभूषण पुरस्कार भारतीय संगीत में अतुलनीय योगदान के लिए व वर्ष 2000 में फिल्म संगीत गायन के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया वर्ष 2011 में उनका नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ ।

उनका कहना था की आवाज पानी की तरह होनी चाहिए मेहनत व अभ्यास ही संगीत का गुरू है संगीत ही उनके लिए सांस थी जीवन में अनेक विषय परिस्थितियों में भी उन्होंने संगीत का हाथ मजबूती से पकड़े रखा और की ओर आगे बढ़ती गयी सिल्वर स्क्रीन पर अपनी आवाज के जादू से एक खूबसूरत मुकाम हासिल किया इस दिग्गज गायिका का जाना बेहद दुखद: है परन्तु उनके गाये अमर गीत आने वाली पीढ़ियों के लिए एक दीपशिखा व प्रेरणा स्रोत रहेंगे,,, विनम्र श्रद्धांजलि

**नरेश छाबड़ा**
**आवास-विकास रूद्रपुर**


## आवश्यकता है

**हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।**

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

**मोबा. 9927213408, 8279487735**


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com
WhatsApp:9927213408


**सम्पादकः सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# शहीद भगत सिंह की आदमकद कांस्य प्रतिमा का हुआ भव्य अनावरण

## देश भक्ति नारों से गूंजा भगत सिंह चौक,सांसद, विधायक और महापौर समेत कई संगठनों के लोग मौजूद



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** शहर के भगत सिंह चौक पर सोमवार को भव्य कार्यक्रम में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की भव्य आदमकद कांस्य प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा और नगर निगम के महापौर विकास शर्मा ने संयुक्त रूप से विधि-विधान के साथ प्रतिमा के अनावरण की रस्म पूरी की।

जैसे ही प्रतिमा से पर्दा हटा, पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और शहीद भगत सिंह अमर रहे के गगनभेदी उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इस गौरवमयी पल के साक्षी बनने के लिए शहर के प्रबुद्ध नागरिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहे इस अवसर पर ड़सांसद अजय भट्ट ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए इस दिन को रुद्रपुर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं जिन्होंने मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया ताकि हम एक स्वतंत्र राष्ट्र में सांस ले सकें। सांसद ने प्रतिमा स्थापना के मार्ग में आए अवरोधों को दूर करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटिश हुकूमत की दमनकारी नीतियों के सामने न झुकने वाले यह महानायक आज भी देश की एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत है। इस प्रतिमा की स्थापना उन तमाम बलिदानियों को एक सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।ड़विधायक शिव अरोड़ा ने इस अवसर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि भगत सिंह चौक पर इस विशाल मूर्ति का लगना एक सपने के धरातल पर उतरने जैसा है।

उन्होंने चौक की पूर्ववर्ती स्थिति पर गहरा क्षोभ प्रकट करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों से यह स्थान उपेक्षा का शिकार था। पूर्व में स्थापित प्रतिमा न केवल आकार में छोटी थी बल्कि खंडित अवस्था में होने के कारण हर देशभक्त के मन में टीस पैदा करती थी। विधायक ने कहा कि जर्जर अवस्था और अव्यवस्थाओं से घिरे इस पार्क का जीर्णोद्धार करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की सामाजिक संस्थाओं और शासन-प्रशासन के सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यह स्मृति स्थल अपनी भव्यता बिखेर रहा है।

यह स्थल अब युवाओं में राष्ट्रवाद का संचार करने वाला एक ऊर्जा केंद्र बनेगा।ड़महापौर विकास शर्मा ने सरकार की विकासपरक नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार रुद्रपुर को एक मॉडल शहर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह चौक शहर की प्राचीन पहचान है और आज उस पहचान को वह गरिमा वापस मिली है जिसकी वह हकदार थी। महापौर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीद भगत सिंह के जीवन से सीख लें और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएं। उन्होंने आने वाले समय में शहर के लिए कई अन्य ऐतिहासिक परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है।ड़इस ऐतिहासिक गरिमामयी कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष अरुण चुघ, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार जोगेंद्र सिंह, देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष गुरमीत सिंह,विक्रमजीत सिंह लाल, प्रमुख समाजसेवी डॉक्टर मनमोहन सिंह और जसविंदर सिंह खरबंदा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, प्रमोद मित्तल, सुरेंद्र रज्जी, धीरेंद्र मिश्रा, हरजीत सिंह, अमित नारंग, सुनील ठुकराल, ओम प्रकाश अरोड़ा, राजेश जगा, सुरेश कोली, हरविंदर चुघ, राजेश बजाज, अमृत सिंह, एमपी मौर्य, रेखा यादव,संदीप राव,मानवेंद्र रॉय,मनीष गोस्वामी,प्रीति धीर,ममता श्रीवास्तव,मोर सिंह यादव,मनोज छाबड़ा, महिंद्र आर्य, विशाल खेड़ा, प्रीत ग्रोवर, विजय तोमर, शालिनी बोरा आशा मुंजाल, और राजेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति इस ऐतिहासिक क्षण के सहभागी बने।

## होली चाइल्ड स्कूल ने क्रिकेटर मयंक मिश्रा को सम्मानित किया

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल के विशाल सभागार में प्रसिद्ध क्रिकेटर मयंक मिश्रा को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। मयंक मिश्रा जी एक प्रतिभाशाली बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिन गेंदबाज हैं, जिन्होंने वर्ष 2018 में अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेला था जोकि आज उत्तराखंड क्रिकेट का एक अहम नाम बन चुके हैं। उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद गठित राज्य की क्रिकेट टीम में यह लगातार हिस्सा रहे हैं। इन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी (50 ओवरों का एकदिवसीय टूर्नामेंट) में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, जो कि घरेलू टी20 प्रतियोगिता है, में भी अपना डेब्यू किया और बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, जिनमें कई बार एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे ने अपने सम्बोधन में कहा कि मयंक मिश्रा ने न केवल अपनी गेंदबाजी से टीम को मजबूती प्रदान की है बल्कि उत्तराखंड क्रिकेट को नई पहचान भी दिला रहे हैं।




उनकी महान उपलब्धियों पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक)मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजुकेशन) एच सी एस स्पोर्ट्स अकैडमी के क्रिकेट कोच श्री पलाश भारद्वाज (स्पोर्ट्स स्टार, मुंबई) तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने मयंक शर्मा की इस उपलब्धि पर बधाई दी ।

## जनगणना के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य गतिमान :एडीएम

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर** -अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने जनगणना 2027 के अन्तर्गत स्व-गणना के तहत निर्धारित पोर्टल पर मकान सूचीकरण का ऑनलाइन स्वयं अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की जानी है। उन्होने कहा कि जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य गतिमान है, जिसमे ऑनलाइन स्व-गणना की जा सकती है। उन्होने बताया कि स्व-गणना 10 अप्रैल से प्रारम्भ हो गयी जो 24 अप्रैल तक की जा सकती है। उन्होने सभी जन मानस से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित पोर्टल पर स्व-गणना कर सकते है। उन्होने कहा कि आप स्व-गणना के माध्यम से न केवल राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दे बल्कि जनगणना 2027 में भी भागीदार बने। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद थे।



## सामाजिक समरसता के भाव से मनाई गई डा. अम्बेडकर की जयंती

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर रुद्रपुर के अंबेडकर चौक पर श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक समरसता के भाव से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने सभी साथियों एवं समाजसेवी लोगों के साथ मिलकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम रुद्रपुर के पर्यावरण पर्यवेक्षक श्री करम सिंह दानू, पर्यावरण मित्र राजपाल सिंह, मनोज कुमार, शिवम कुमार तथा पर्यावरण मित्र महिला विंग की श्रीमती किरण, सरोज, विजया एवं सुमन को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि स्वच्छता एवं जनसेवा में लगे ये सभी कर्मवीर समाज के सच्चे प्रहरी हैं, जिनका योगदान अतुलनीय है।इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच फलों का प्रसाद एवं भोजन का वितरण किया गया। सेवा कार्यों के माध्यम से बाबा साहेब के आदर्शों समानता, न्याय और मानवता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रस्तोगी ने कहा कि बाबा साहेब ने वंचित एवं शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया और उनके विचार आज भी समाज को समानता व न्याय की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।संस्कार भारती के निवर्तमान अध्यक्ष कुशाल अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बताया और अपने विचारों से समाज को नई दिशा दी।संस्कार भारती के उपाध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज में समानता, न्याय और जागरूकता के लिए प्रेरणा देते हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रीति धीर ने कहा कि बाबा साहेब ने महिलाओं, वंचितों और कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए तथा शिक्षा को समाज परिवर्तन का आधार बनाया।भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में समानता, न्याय और आत्मसम्मान की भावना को सुदृढ़ किया तथा उनके आदर्श हमें समरस समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में अधिवक्ता एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट मनीष मित्तल, समाजसेवी अमित मित्तल, समाजसेवी सुनील पचौरी, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार बिंदल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कमल पाल, संस्कार भारती की सदस्य श्रीमती उषा शर्मा, राज कोली, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष रवि रस्तोगी, सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कॉर्बेट में बनेगा तेंदुआ पार्क, पर्यटकों को मिलेगा नया सफारी अनुभव

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जल्द ही पर्यटकों को तेंदुए के दीदार का नया अनुभव मिलने वाला है। कॉर्बेट प्रशासन यहां तेंदुआ पार्क विकसित करने की तैयारी में जुट गया है, जिसके लिए भूमि चिह्नीकरण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।पार्क प्रबंधन की ओर से इस योजना का प्रस्ताव राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को भेजा जा रहा है। अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और उससे सटे वन क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में बाघों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, बढ़ती संख्या के चलते बाघों ने तेंदुओं को उनके पारंपरिक आवास से बाहर खदेड़ दिया है। इसके चलते तेंदुए आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष और हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे तेंदुओं के सुरक्षित संरक्षण और प्रबंधन के उद्देश्य से तेंदुआ पार्क की योजना बनाई गई है।प्रस्तावित तेंदुआ पार्क को चारों ओर से दीवार और फेंसिंग से सुरक्षित किया जाएगा। पर्यटक बंद वाहनों में सफारी कर सकेंगे नजदीक से तेंदुओं का दीदार संभव होगा। इ सीटीआर निदेशक डॉ. साकेत बडोला के अनुसार,नए वित्तीय वर्ष में तेंदुआ पार्क निर्माण की योजना है। भूमि चिह्नीकरण के लिए एनटीसीए को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। अनुमति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कॉर्बेट में तेंदुआ पार्क की यह पहल जहां एक ओर वन्यजीव संरक्षण को मजबूती देगी, वहीं पर्यटन को भी नया आयाम प्रदान करेगी।



# पिरान कलियर में हज प्रशिक्षण शिविर शुरू, 1348 यात्रियों का चयन






**रुड़की।** स्थित हज हाउस में हज 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। हाजियों को मुकम्मल और आसान हज यात्रा के लिए विशेष प्रशिक्षण (हज तरबियत कैंप) दिया जा रहा है।

शिविर का शुभारंभ उत्तराखंड हज कमेटी के अध्यक्ष और लक्सर विधायक ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में हज यात्री मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर में मौलाना आरिफ और मौलाना अरशद ने हाजियों को एहराम पहनने की सही विधि सिखाई। साथ ही काबा शरीफ के तवाफ, सफा-मरवा के बीच सई, अराफात और मीना में ठहरने सहित हज के सभी अरकान को विस्तार से समझाया गया।

इसके अलावा हाजियों को मक्का-मदीना के नियमों, स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों और डिजिटल सुविधाओं के उपयोग की भी जानकारी दी गई, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके।

हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि इस वर्ष उत्तराखंड से करीब 1348 हज यात्रियों का चयन हुआ है, जिनमें से 441 यात्री हरिद्वार जिले से हैं।

यह प्रशिक्षण शिविर हाजियों को धार्मिक प्रक्रिया के साथ-साथ यात्रा के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों के लिए भी तैयार कर रहा है।

# गंगोलीहाट में बाबा साहब की जयंती पर भव्य आयोजन, शिक्षा और समानता का दिया संदेश



**गंगोलीहाट।** विधानसभा क्षेत्र के खिरमाणडे अंतर्गत ग्राम सभा नाकोट में आज भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जनप्रतिनिधि ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पंकज सिंह बोरा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा भण्डारी, अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश सचिव मालती आर्य, पूर्व प्रधानाचार्य भगवान सिंह कठायत, पूर्व प्रधान हेम कुमार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संजू बोरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के लिए किए गए कार्यों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत हैं और समानता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व का संदेश देते हैं।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास, सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए आगे आएं।

कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों का उत्साह और अनुशासन देखने योग्य रहा। यह आयोजन न केवल जयंती समारोह रहा, बल्कि बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम भी बना। अंत में आयोजक मंडल और ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई और समाज में एकता व जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# अखिल भारतीय प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

## एलएसएम पीजी परिसर में आयोजित हुआ सम्मान समारोह



**पिथौरागढ़।** लक्ष्मण सिंह महर परिसर में निदेशक डॉ. हेमचंद्र पांडेय एवं क्रीड़ा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश सिंह ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा पंजाब में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 57 से 60 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता बीए तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत निकिता चंद, 65 से 70 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता बीए तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत कोमल मेहता तथा मैंगलोर यूनिवर्सिटी कर्नाटक द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तरीय ट्रैक एंड फील्ड के 21 किलोमीटर के हॉफ मैराथन में रजत पदक विजेता एमए तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत माया को ट्रॉफी एवं ट्रैक शूट प्रदान करके सम्मानित किया। साथ ही बॉक्सिंग कोच विजेंद्र मल्ल एवं एथलेटिक्स कोच प्रताप सिंह बिष्ट को भी उनके सराहनीय योगदान हेतु मोमेंटो एवं ट्रैक शूट प्रदान करके सम्मानित किया गया। निकिता चंद और कोमल मेहता ने गत वर्ष भी स्वर्ण एवं कांस्य पदक प्राप्त कर सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा और लक्ष्मण सिंह महर परिसर पिथौरागढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया था। तीनों पदक विजेता छात्राओं की इस उपलब्धि पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी. के. उपाध्याय, कुलानुशासक डॉ. कमलेश कुमार भाकुनी, डॉ. नवीन चंद रजवार, डॉ. योगेश चंद्र जोशी, परिसर मीडिया प्रभारी डॉ. ए. एस. जगेड़ा, डॉ. दिनेश चंद्र पंत एवं दिनेश जोशी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# फीस जमा न करने पर बच्चे को स्कूल से निकाला बाहर

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** फीस जमा ना करने पर स्कूल प्रबंधन ने एक बच्चे को स्कूल से बाहर निकाल दिया जिस पर उसके पिता वहां पहुंचे और उन्होंने जमकर हंगामा किया। वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है की कई बार कहने के बावजूद भी बच्चे के अभिभावक ने फीस जमा नहीं कराई, इसलिए सत्र समाप्ति के पश्चात स्कूल ने यह कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक श्याम टॉकीज रोड निवासी विक्रम सिंह का पुत्र आवास विकास स्थित टेंडर सोल पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 का छात्र है। आज जब वह स्कूल गया तो स्कूल प्रबंधन ने उसे गेट से बाहर कर दिया। जिसकी जानकारी मिलने पर उसके पिता वहां पहुंचे। उनका कहना था की किन्हीं कारणों के चलते वह फीस जमा नहीं कर पाए और उन्होंने स्कूल प्रबंधन से एक सप्ताह का समय मांगा। लेकिन उनके बच्चे को सुबह 8:00 बजे ही गेट से बाहर कर दिया। वहीं स्कूल प्रबंधन कहना है कि इस बच्चे के अभिभावक ने कभी भी फीस समय से जमा नहीं करी। कई बार कहने के बावजूद भी उनका वही रवैया रहा जब फीस देने के लिए लगातार कहा जाता रहा तो वह हंगामा करने लगे। उन्होंने बच्चे को भविष्य को देखते हुए मार्च तक बच्चे को स्कूल में प्रवेश दिया, लेकिन सत्र समाप्ति के पश्चात जब उन्होंने फिर फीस जमा करने को कहा तो वह जबरदस्ती करने लगे जिस कारण बच्चे को बाहर निकाल दिया गया।

# जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: जिलाधिकारी




**चंपावत।** जनपद चम्पावत में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक 'जनता मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं विकास से जुड़ी कुल 92 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शेष मामलों में निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रभावी कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम मंगोली की श्रीमती सरोज देवी द्वारा रोजगार की मांग किए जाने पर महिला सहायता समूह के माध्यम से जोड़ते हुए लाइब्रेरी संचालन एवं सेवायोजन विभाग को भी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्राम बडोली निवासी श्री राजेश थ्वाल द्वारा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग पर उरेडा को त्वरित कार्यवाही करते हुए सोलर लाइट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम रौतेली टम्टा की श्रीमती लीलावती टम्टा के भूमि कटान मुआवजा प्रकरण पर उपजिलाधिकारी को नियमानुसार आख्या प्रस्तुत करते हुए सहायता उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए। आधार कार्ड संशोधन संबंधी समस्या पर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम कमलेख की श्रीमती उमा देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने हेतु खंड विकास अधिकारी को आवास दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम मडलक में पेयजल संकट की शिकायत पर जल संस्थान एवं जल निगम को सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम बिरगुल के शेर सिंह को विकलांग पेंशन हेतु समाज कल्याण अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को पात्रता जांच कर शीघ्र पेंशन से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम ढोलीगांव के हिम्मत सिंह को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु सेवायोजन/कौशल विकास विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ग्राम बसौटी माफी की श्रीमती सुनीता जोशी को नंदा गौरा योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया तथा ग्राम मूलाकोट के श्री राम लाल को मत्स्य पालन योजना की जानकारी देकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य नागरिकों द्वारा भी विभिन्न शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिन पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता को की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जनविश्वास बना रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी एस खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह डिगारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को भिटौली के रूप में साड़ी वितरित



**अल्मोड़ा।** धौलादेवी विकासखंड के ग्रामसभा खोला में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री गौरव पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री गौरव पांडेय ने समाज की महिलाओं को भिटौली के रूप में साड़ी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही मेधावी छात्रों को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी किट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया, इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमा गैड़ा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदीश गैड़ा, पूर्व ग्राम प्रधान दीपक गैड़ा, ग्राम प्रधान बीना प्रिया, सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम राम, कार्यक्रम संयोजक हरीश गैड़ा,भाजपा जागेश्वर मण्डल महामंत्री हेम पांडेय,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अजय सुयाल सहित आदि उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित

**अल्मोड़ा।** आगामी जनगणना 2027 के सफल और सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जनपद में प्रगणकों और सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण सभी नामित चार्ज अधिकारियों के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें मकान और भवन गणना से जुड़ी सावधानियों तथा पारदर्शी ढंग से गणना करने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को घर-घर जाकर सूचनाएं संकलित करने की प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने, डिजिटल माध्यमों के उपयोग और डेटा की शुद्धता व गोपनीयता बनाए रखने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचते हुए सटीक और विश्वसनीय आंकड़े तैयार करना बेहद महत्वपूर्ण है। चार्ज अधिकारियों ने प्रगणकों और सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य संपन्न करें। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि किसी भी नागरिक को प्रक्रिया के दौरान असुविधा न हो और सभी सूचनाएं समयबद्ध तरीके से एकत्र की जाएं। प्रशिक्षण में संभावित चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न आए। जनपद प्रशासन ने प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर सटीक और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# धरमघर महोत्सव में लोककलाकारों ने सभी दर्शकों का मनमोहा

## बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले के हजारों दर्शकों ने उठाया महोत्सव का लुत्फ



**पिथौरागढ़/बागेश्वर (धरमघर, परसीलाल वर्मा)।** जिले की सीमा में बसे धरमघर कस्बे में चल रहे द्वितीय दिवस की शाम चांदनी इंटर प्राइजेज के नाम रही। स्टार नाईट की शाम मशहूर गायक गोविंद दिगारी, जितेंद तुमक्याल, कैलाशकुमार, राकेश पनेरू, चन्द्रप्रकाश, बेबी प्रियंका, विक्रम बोरा नीरज चुफाल,के नाम रही। महोत्सव का उत्साह इतना था कि दोनों जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोग महोत्सव का लुत्फ उठाने पहुंचे। सैकड़ो की संख्या मे भी दर्शक नाइट शो में लोककलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति कलाकारों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। वहीं पहले दिन के कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्रों और स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मनमोहा। महोत्सव समिति के अध्यक्ष प्रधान गोकुल पंचपाल ने सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया।

जहां पहले दिन स्टार नाइट में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि महर्षि विद्यालय के डायरेक्टर टी सी पाठक ने किया। रात्रि कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। वही महोत्सव समिति को भव्य आयोजन के लिए बधाईया दी। महोत्सव के प्रथम दिवस के स्टार नाईट में माया उपाध्याय, हनी ग्रूप मुवानी,बागनाथ म्यूजिकल ग्रुप मनोज पाठक,रितु लोहिया, सुहानी नेगी,शेखर तिवारी, पूरन पाठक,हिमांशु कुमार नन्द हरि सांस्कृतिक समिति के नाम रही। स्टार गायक माया उपाध्याय के गानों में दर्शक देर रात तक थिरकते रहे।

इससे पूर्व दिन के कार्यक्रमो का शुभारंभ बेरीनाग नगर पंचायत अध्यक्ष हेमा पंत,पूर्व दर्जा मंत्री खजान दास पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया ।इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी दीप जोशी,क्षेत्र पंचायत सदस्या मंजू राठौर, चांदनी इंटर प्राइजेजके संस्थापक ऐवं चीफ इंजियर यूपीसीएल नवीन टोलिया,एकलब्य ऐकेडमी के प्रवंधक हरीश चुफाल,इंन्दर सिंह धानिक, शुंदर मेहरा,हरीश कोरंगा, मनोज पाठक,विनोद पंचपाल, मनोज सैनी, निकेश राठौर,धीरज वर्मा,भगवान लस्पाल, महोत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए पीएम का जताया आभार

## बबीता ने बताया इसे नारी सशक्तीकरण में मील का पत्थर



**पिथौरागढ़।** भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष बबीता पुनेठा ने कहा कि आज जब हम किसी बेटी से पूछते हैं कि वह आगे क्या बनना चाहती है, तो उसका आत्मविश्वास भरा जवाब बताता है कि भारत बदल रहा है। बेटियां अब केवल सपने नहीं देख रहीं, बल्कि उन्हें साकार भी कर रही हैं। लेकिन अब समय है कि यह परिवर्तन केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित न रहे, बल्कि निर्णय लेने वाले मंचों तक भी मजबूती से पहुंचे। हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर चुकी हैं। चाहे वह प्रशासन हो, शिक्षा, स्वास्थ्य या विज्ञान। ऐसे में राजनीति और नीति-निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना न केवल जरूरी है, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों में महिलाओं को मिला आरक्षण इसका जीवंत उदाहरण है। जहां-जहां महिलाओं ने नेतृत्व संभाला, वहां विकास की दिशा बदली है। जनहित के मुद्दे केंद्र में आए हैं, योजनाएं जमीन पर उतरी हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। बबीता पुनेठा आगे कहती हैं कि अब महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, वह वास्तव में नारी शक्ति को सम्मान देने का सशक्त कदम है। यह केवल सीटों का बंटवारा नहीं, बल्कि सोच में बदलाव और समान भागीदारी की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। इस ऐतिहासिक पहल के लिए मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने नारी शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में उचित स्थान दिलाने का यह साहसिक कदम उठाया है।

जब महिलाएं निर्णय लेंगी, तो नीतियां अधिक संवेदनशील, संतुलित और समाज के हर वर्ग के हित में होंगी। इससे शासन की गुणवत्ता बढ़ेगी और लोकतंत्र और अधिक समावेशी बनेगा। उन्होंने कहा कि आज जरूरत केवल कानून बनाने की ही नहीं है, बल्कि उस पर पूर्ण विश्वास के साथ उसे लागू करने की भी है। हमें अपनी बेटियों को मंच देना होगा, उन पर भरोसा करना होगा, क्योंकि जब नारी शक्ति आगे बढ़ती है, तो केवल एक वर्ग नहीं, पूरा राष्ट्र प्रगति करता है।

# हर्षिल में भागीरथी पर झील बनी खतरा, नौ माह बाद भी जलस्तर जस का तस

**हर्षिल (उत्तरकाशी)।** हर्षिल क्षेत्र में भागीरथी नदी पर आपदा के बाद बनी झील का जलस्तर नौ माह बाद भी कम नहीं हुआ है। इससे आगामी मानसून में बड़ी आपदा की आशंका जताई जा रही है। पिछले वर्ष अगस्त में आई आपदा के दौरान भागीरथी नदी का बहाव बाधित होने से यहां झील का निर्माण हो गया था। वर्तमान में जलस्तर कम होने के बावजूद झील करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में भय बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा नदी को चैनलाइज करने का कार्य तो किया गया, लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। नदी के दोनों ओर मलबे के बड़े-बड़े ढेर लगा दिए गए हैं, जिससे पानी आगे बढ़ने के बजाय वापस झील में ही जमा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान तेलगाड नदी के उफान पर आने से स्थिति और गंभीर हो सकती है। तेज बहाव मलबे को धक्का देकर नदी के रुख को बदल सकता है, जिससे हर्षिल कस्बे में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कस्बे की सुरक्षा के लिए केवल कुछ स्थानों पर वायरक्रेट लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई है, जबकि स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। वहीं सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सचिन सिंघल का कहना है कि झील के पानी की निकासी के लिए नदी को चैनलाइज किया गया है तथा अन्य सुरक्षात्मक कार्य भी किए जा रहे हैं। फिलहाल, मानसून से पहले यदि प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो हर्षिल क्षेत्र में बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# 944 गैस सिलेंडरों का वितरण, प्रशासन बोला पूरे जनपद में आपूर्ति सामान्य, कहीं नहीं कमी

**बागेश्वर।** जनपद में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू बनी हुई है। जिला प्रशासन की ओर से उपभोक्ताओं को नियमित एवं समयबद्ध गैस उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 944 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी जी.बी. पांडे ने बताया कि इण्डेन गैस सर्विस, बागेश्वर द्वारा विकास भवन, चौरासी, तुमाईसखेत, आरे, द्वारसों, तुपेड़ व चिडंग क्षेत्रों में 230 सिलेंडर वितरित किए गए। वहीं इण्डेन गैस सर्विस, गरूड़ द्वारा ग्वालदे, काफलढुंगा, बन्तोली, भगरतोला व मोतीसारी क्षेत्रों में 234 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई। इसी क्रम में इण्डेन गैस सर्विस, कपकोट द्वारा भनार, लाथी व नामतीचेटाबगड़ में 100 तथा इण्डेन गैस सर्विस, काफली द्वारा सेरी व भन्तोला क्षेत्रों में 100 सिलेंडर वितरित किए गए। शिखर भारत गैस सर्विस, शामा द्वारा गरूड़ लाइन क्षेत्र में 210 तथा शुभम गैस एजेंसी, गरूड़ द्वारा गरूड़ बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में 70 सिलेंडरों का वितरण किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# भनोली में विधायक जागेश्वर ने अंबेडकर जयंती में किया प्रतिभा



**अल्मोड़ा।** समाज से छूआछूत हटाने और वंचितों को संवैधानिक अधिकार देने में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अद्वितीय स्थान है। संविधान की मूल भावना अनुसार काम करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंबेडकर महासभा जागेश्वर द्वारा भनोली में कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक मोहन सिंह मेहरा ने कही। श्री मेहरा ने कहा समाज से गैर बराबरी की भावना के समूल नाश किए बगैर देश तरक्की नहीं कर सकता। अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया। बाबासाहेब के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश खोलिया, ब्लॉक प्रमुख त्रिलोक सिंह, भाजपा नेता सुभाष पांडे, गौरव पांडे, रमेश बहुगुणा नरेंद्र सिंह बिष्ट, डीके जोशी, प्रताप सिंह,पूनम पालीवाल आदि ने विचार रखे। अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष दीवान राम और संचालन प्रकाश चन्द्र आर्या ने किया। नगर समेत धौलादेवी, जागेश्वर, सोमेश्वर आदि स्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई



**अल्मोड़ा।** भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के महान पुरोधा बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर मंडल भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वातावरण जय भीम और संविधान जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, तपस्या और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा को अपना शस्त्र बनाया और देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देता है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि भारत सामाजिक भेदभाव से मुक्त होकर समरसता और समान अवसरों वाला राष्ट्र बने। नगर अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव बाबा साहेब के सिद्धांतों सामाजिक न्याय, सबका साथ-सबका विकास और संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया। अंत में सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर समाज में शिक्षा, समानता और न्याय के मूल्यों को स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

अर्जुन बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, मनोज जोशी, पियूष कुमार, जगत तिवारी आशीष डोगरा, संदीप श्रीवास्तव, रजा अंसारी,सौरव वर्मा, सुधीर कुमार, गौरव आर्य, कृष्ण बहादुर, आनंद कनवाल, दिशांत पवार, पंकज भाकुनी,शुभम् रौतेला, नमन गुरानी, चंदन बहुगुणा, नीरज सांगा चंद्रशेखर पालीवाल, मोहित बिष्ट, अभिषेक तिवारी,गौरव भंडारी, आशीष डोगरा, पारस लोहनी,दिव्या जोशी, चित्रा उपाध्याय,नेहा मेहता, प्रीति रस्तोगी, आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# धौलादेवी विकासखंड में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**अल्मोड़ा।** धौलादेवी विकासखंड मुख्यालय में अंबेडकर महासभा द्वारा आयोजित अंबेडकर जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि बाबा साहब ने देश के लिए अनमोल धरोहर दिया। जिसकी बदौलत सभी लोगों को अधिकार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति बाबा साहब के दिए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने लोगों से बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में अपने की आवाहन किया कार्यक्रम में धौलादेवी ब्लॉक प्रमुख लीला बिष्ट ,पूर्व ब्लाक प्रमुख महेंद्र मेरे, मनोज रावत ,रजनी फर्त्याल शिवराम आर्या,राजेंद्र बनवाल रमेश बिष्ट पीतांबर पांडे , दीवान भैसोड़ा, दीवान सतवाल ,जिला पंचायत सदस्य हेमा देवी भावना देवी मुन्नी देवी पूरन बिष्ट, कुंदन कुंजवाल,अंबेडकर महासभा धौलादेवी के अध्यक्ष बहादुर राम, संयोजक प्रकाश भारती सचिव दया किशन, संरक्षक शेर राम कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद , सहित बड़ी संख्या में जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र से के लोगों ने प्रतिभा किया।

# बाबा साहेब अम्बेडकर के आदर्शों को आत्मसात करें युवा: ममता

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती कांग्रेस पार्टी ने सेवा भाव व श्रद्धा के साथ मनाई। उन्होंने अंबेडकर चौक, सुभाष कॉलोनी और आदर्श कॉलोनी में भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदर्श, समानता, न्याय और मानवता को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक रहा। ममता रानी ने कहा कि उन्हें बताए गए आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर युवा पीढ़ी ने राष्ट्र का निर्माण करें। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। इस दौरान परिमल राय, बाबू खान, इंद्रजीत सिंह, चिराग कालरा ,गौरव खुराना, परवेज कुरैशी, बबलू सागर, संजीव गुप्ता, अंकित चन्द्रा, मोनिका ढाली, विकास मल्लिक, मुरारी, दिनेश, गोपाल भसीन, रामसेवक कोली, कुंवर पाल कोली, रणजीत तिवारी, अनिल खत्री, सेवाराम, दानवीर कोली, रोहित चौहान, अर्जुन विश्वास, गुड्डू ,प्रदीप, शिवम सागर ,सतीश कुमार, संजीव रस्तोगी, संजय गुप्ता, मोहन भारद्वाज, ज्योति टम्टा, रामिन विश्वास, हनी ग्रोवर, अशोक यादव, चंद्र चुग, राकेश कोली, शिवम, अबरार अहमद, रंजीत, नरेंद्र सिंह, सोनू खान, फैज खान, नसरुद्दीन, हाजी नबी अहमद, अब्दुल गफ्फार, गगन ग्रोवर, संजय ठुकराल, रणजीत सागर, दीपक सागर, सुशील सागर, केरू मंडल, आशीष श्रीवास्तव, दिनेश कोली, बॉबी टुटेजा, गब्बर कोली, राजू गुप्ता, मनीष ठुकराल, बंटी राजोरिया, अंकित बटला, के. पी. गंगवार, डॉ मंसूरी, हिम्मत राम कोली, अनूप कोली, कमल देव सोनकर, सुखवंत सिंह, राजेश कुमार, विश्वकर्मा मोजूद थे।

# अल्मोड़ा से जागेश्वर तक निकाली विशाल रैली



**अल्मोड़ा।** नव निर्वाचित युवा कांग्रेस जिलाध्यक्षों के स्वागत में आयोजित भव्य रैली ने संगठन की एकजुटता और उत्साह का प्रदर्शन किया। सिकुड़ा बैंड धारानौला से शुरू होकर चौघानपाटा होते हुए जागेश्वर धाम तक निकली इस विशाल कार एवं बाइक रैली में सैकड़ों युवाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम के आयोजक युवा कांग्रेस नेता गोपाल भट्ट ने कहा कि अल्मोड़ा रानीखेत जनपद में एक सशक्त युवा नेटवर्क उभरता सामने आया है। इस दौरान हुंकार भरी गई कि युवा कांग्रेस जिले की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करेगी और वर्ष 2027 में कांग्रेस की सरकार बनाने के संकल्प के साथ गांव-गांव तक युवाओं को जोड़ेगी।अल्मोड़ा के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह फर्त्याल और रानीखेत के जिलाध्यक्ष चंदू वर्मा का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रदीप बिष्ट, जिला महासचिव पारस डसीला, दीक्षा सुयाल, नगर अध्यक्ष गौरव जोशी, प्रदेश महासचिव किरण आर्या समेत कई पदाधिकारियों का भी भव्य स्वागत हुआ। साथ ही, पंचायती राज संगठन के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हरीश भट्ट एवं प्रदेश सचिव गोपाल गुरुरानी का भी युवा कांग्रेस ने अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जोशी जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र भोज, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शोभा जोशी, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी पीताम्बर पांडे, अंकुर कांडपाल, प्रीति बिष्ट, गीता महरा, पुरन रौतेला, बालम भाकुनी, ललित फर्त्याल, राहुल अधिकारी, उज्वल जोशी, वैभव पांडे, अजीत कार्की, राजेश अधिकारी, हेम कुमार आर्य और छात्रा उपाध्यक्ष निकिता रौतेला आदि थे।

## कारगिल में शहीद लांस नायक की स्मृति में द्वार निर्माण की मांग



जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** कारगिल में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद लांस नायक की स्मृति में द्वार निर्माण की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा टिंकू ने नगर निगम पहुंचकर महापौर विकास शर्मा को ज्ञापन सौंपा। किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मिश्रा ने महापौर को दिये गये ज्ञापन में कहा कि समीपवर्ती गांव फौजी मटकोटा निवासी सीआरपीएफ के लांस नायक जय भगवान वर्ष 1995 में पतनगढ ऊधमपुर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते-लड़ते भीषण मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि ऐसे शहीदों को सम्मान देने के लिए उनके पैतृक गांव फौजी मटकोटा में उनकी स्मृति में द्वार का निर्माण किया जाए ताकि आने वाली युवा पीढ़ी उनकी हिम्मत, साहस देशभक्ति से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव देश के सैनिकों का सर्वोच्च सम्मान करती है ऐसे में नगर निगम की ओर से एक प्रस्ताव बनाकर शहीद जय भगवान की स्मृति में फोजी मटकोटा में द्वार का निर्माण कराया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा में सख्ती: सात नमूने फेल 4.20 लाख का जुर्माना

**चंपावत।** जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग चम्पावत द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे विशेष निरीक्षण अभियानों के तहत लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों में कुल 07 नमूने अधोमानक पाए गए। खाद्य विश्लेषक, रूद्रपुर की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विनिर्माता कंपनियों एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर किए गए थे। इन प्रकरणों का निस्तारण करते हुए माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी/अपर जिलाधिकारी, चम्पावत द्वारा कुल ?4,20,000 (चार लाख बीस हजार रुपये) का जुर्माना अधिरोपित किया गया। विभाग द्वारा जनवरी 2023 में टनकपुर से लिए गए नमूने को हाई बीआर वैल्यू के कारण अधोमानक घोषित किया गया, जिसमें राजस्थान स्थित विनिर्माता कंपनी पर 2,00,000 का जुर्माना लगाया गया।



अक्टूबर 2024 में चम्पावत से लिए गए अजवाइन के नमूने के अधोमानक पाए जाने पर कानपुर स्थित एक प्रा.लि. पर 50,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया।मई 2024 में बनबसा से लिए गए मिठाई के नमूने के अधोमानक पाए जाने पर संबंधित खाद्य व्यवसायी पर 20,000 का जुर्माना लगाया गया।

इसी प्रकार दिसम्बर 2021 में लोहाघाट से लिए गए नमक के नमूने में आयोडीन वैल्यू अधिक पाए जाने पर ?55,000 का जुर्माना लगाया गया।

बनबसा से लिए गए नमूने में फैट की मात्रा कम पाए जाने के कारण गुजरात स्थित कंपनी पर 50,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त मार्च 2025 में टनकपुर डेयरी एवं लोहाघाट डेयरी से लिए गए नमूने अधोमानक पाए जाने पर संबंधित कारोबारकर्ताओं पर क्रमश: ?25,000 एवं 20,000 का जुर्माना लगाया गया।

इसी क्रम में 13 अप्रैल 2026 को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चम्पावत बाजार स्थित एक मॉल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के रखरखाव, गुणवत्ता तथा क्रय-विक्रय से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई। साथ ही रस्क एवं रोस्टेड सूजी के कुल 02 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला, रूद्रपुर को भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।अभियान दल में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी एवं सहायक दिनेश फर्त्याल शामिल रहे।

## देहरादून-कॉलेज कार्यक्रम में अभद्र भाषा को लेकर गायक व विधायक पर एफआईआर की मांग



**देहरादून।** डीएवी कॉलेज देहरादून में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कथित अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस संबंध में सामाजिक संगठन पहाड़ी आर्मी उत्तराखंड के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर गायक मासूम शर्मा, कार्यक्रम आयोजकों तथा खानपुर क्षेत्र के विधायक उमेश कुमार शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।प्रार्थनापत्र के अनुसार 11 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में गायक मासूम शर्मा ने मंच से अशोभनीय और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया, जिससे उपस्थित छात्र-छात्राओं और आम लोगों की भावनाएं आहत हुईं। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान मंच पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विधायक उमेश कुमार भी मौजूद थे, लेकिन किसी ने आपत्तिजनक टिप्पणी को रोकने का प्रयास नहीं किया। इसके अतिरिक्त गायक द्वारा मंच से कथित रूप से हयात होटल में हमले जैसी बात कहे जाने से क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बनने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि विधायक द्वारा मंच से दिए गए बयान ने स्थिति को और भड़काने का काम किया। प्रार्थी ने इस पूरे प्रकरण को भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय बताते हुए निष्पक्ष जांच और संबंधित सभी पक्षों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान कोतवाली में कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

# मानस एकेडमी में आयोजित की गई संगीत कार्यशाला

## प्रभात लाल शाह गंगोला को दिया संगीत पुरोधा सम्मान

**पिथौरागढ़।** प्रख्यात संगीतज्ञ एवं रंगकर्मी प्रभात लाल शाह गंगोला का पिथौरागढ़ आगमन पर मानस ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रभात शाह ने मानस एकेडमी पिथौरागढ़ में विद्यार्थियों एवं आम संगीत जिज्ञासुओं हेतु आयोजित कार्यशाला इमरजिंग म्यूजिसियन्स विद प्रभात शाह में विद्यार्थियों को नाद योग, वाइस कल्चर, गायन शैली आदि पर विस्तार से टिप्स दिए। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यशाला में शहर के अनेक विद्यार्थियों एवं संगीत जिज्ञासुओं ने प्रतिभाग किया।

मानस ग्रुप द्वारा आयोजित सायंकालीन सत्र संगीत विमर्श में शहर के अनेक संगीत प्रेमी जनों एवं प्रभात शाह के बीच संगीत संबंधी गहन विमर्श हुआ। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को संरक्षण, कुमाउंनी बैठकी होली को नए आयाम प्रदान



करने तथा युवा पीढ़ी को इस विधा से जोड़ने के प्रयासों के लिए मानस ग्रुप ने प्रभात लाल शाह को संगीत पुरोधा सम्मान से अलंकृत किया। मानस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार पंत ने प्रभात शाह के संगीत के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान की भरपूर प्रशंसा की।

प्रबन्धक कंचन लता पंत ने अभिनन्दन पत्र प्रस्तुत किया। सायंकालीन सत्र विश्वविख्यात गायिका आशा भोंसले को समर्पित किया गया। इस सत्र में शाह ने अनूठी गायकी से सबका मन मोह लिया तथा अपनी संगीत यात्रा के अनुभव साझा किए। चम्पावत से आए बाल कलाकार मानस पंत के मुरली वादन ने संगीत संध्या में सभी को आह्लादित किया। अल्मोड़ा से आए युवा तबला वादक राज कुमार ने तबला वादन से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। निदेशक देवाशीष पंत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाष्कर कर्नाटक, मीनू भट्ट, सुनीता रावत, गिरीश पन्त, रेनू पन्त, योगेश भट्ट , मोहनलाल वर्मा, केदार भट्ट, डॉ. भाष्कर कापड़ी, सुमन बिष्ट, नीता कापड़ी, डॉ. उषा बृजवासी, भुवन पाण्डे, श्रीकृष्ण अवस्थी, रमेश चन्द्र शर्मा, द्वारिका पाण्डे, नारायण दत्त जोशी, संदीप पाण्डे , दिनेश पाण्डे समेत अनेक संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

## बाबा नीब करौरी महाराज पर बनी फिल्म का प्रोमो-पोस्टर लॉन्च

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री  ने अपने शासकीय आवास में  के जीवन पर आधारित फिल्म के प्रोमो और पोस्टर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने फिल्म को श्रद्धा, भक्ति और मानवता के उच्च आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म केवल एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक आध्यात्मिक मूल्यों को पहुंचाने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि बाबा नीब करौरी महाराज का दिव्य जीवन आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनकी शिक्षाएं सरलता, करुणा, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रयास भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह फिल्म समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी और नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी फिल्म को एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए इसके सफल होने की कामना की।

## राज्य आंदोलनकारी सुभाष ने प्रशासन को दिया ज्ञापन

**पिथौरागढ़।** राज्य आंदोलनकारी तथा विकास खंड मूनाकोट की वन पंचायत कान्डा पुनेठा के सरपंच सुभाष जोशी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर सिलौनी प्राथमिक विद्यालय की क्षतिग्रस्त छत और दीवार की मरम्मत तथा कान्डा पुनेठा में बटिया/ मार्ग के निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि सिलौनी प्राथमिक विद्यालय की छत और दीवार पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। छत से हल्की बरसात में पानी टपक रहा है और जान माल का खतरा बना हुआ है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। उपशिक्षा अधिकारी को कई बार पत्र भेजकर समस्या के निराकरण की मांग की जा चुकी है। लेकिन शिक्षा विभाग के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। जिससे अभिभावकों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# सीएम की विधानसभा में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों का शक्ति प्रदर्शन



## सरकार के खिलाफ बुलंद हुए स्वर 24 हजार मानदेय, बायोमेट्रिक से राहत और रिटायरमेंट पर 10 लाख की मांग

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**चंपावत** । जिले भर से पहुंचीं सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ती संगठन जिला अध्यक्ष मीना बोहरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री की विधानसभा चंपावत में जोरदार शक्ति प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पिछले एक सप्ताह से आंदोलनरत कार्यकर्तियों ने आज सड़कों पर उतरकर अपना आक्रोश जाहिर किया और मुख्यमंत्री के मॉडल जिले में जमकर नारेबाजी की।आंदोलन को उस समय और बल मिला जब कांग्रेस, यूकेडी और सपा के कार्यकर्ताओं ने भी खुलकर समर्थन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चिराग फर्त्याल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री निर्मला गहतोड़ी, यूकेडी जिला अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा , राजेंद्र पुनेठा और सपा के ललित मोहन भट्ट ने कार्यकर्तियों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका संघर्ष जारी रहेगा और वे उनके साथ खड़े रहेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों का कहना है कि वे तीन प्रमुख मांगों 24 हजार रुपए मासिक मानदेय, बायोमेट्रिक सिस्टम से मुक्ति और सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रूपए की एकमुश्त राशि को लेकर आंदोलन कर रही हैं। उनका आरोप है कि सरकार उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। मोटर स्टेशन के गांधी चौक से जिला अध्यक्ष मीना बोहरा, बबीता जोशी, दमयंती वर्मा, दीपा पांडे, कविता पंत, पुष्पा पाटनी के नेतृत्व में निकला विशाल जुलूस मुख्य बाजार, भैरव चौराहा होते हुए टैक्सी स्टैंड धरना स्थल तक पहुंचा, जहां महिलाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। जुलूस के दौरान पुलिस का भारी बंदोबस्त किया गया। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ना चाह रही थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। हालांकि पूरे घटनाक्रम के दौरान माहौल तनावपूर्ण जरूर रहा, लेकिन प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अब सभी की नजरें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं कि आखिर कब तक इन मांगों पर निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान सैकड़ो की तादात में आंगनबाड़ी कार्यकृतिया मौजूद रही। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकृतियों ने,जो ना माने बिनती से लुड़का देंगे कुर्सी से ,के नारे बुलंद किए।

## गुलदार के मुंह से दो लोगों को बचाया, डीएम ने किया सम्मानित

**टनकपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर आठवीं मील के समीप बीते 25 सितम्बर 2023 को घटी एक दिल दहला देने वाली घटना में स्थानीय युवक ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए दो लोगों की जान बचा ली। इस वीरतापूर्ण कार्य के लिए जिलाधिकारी ने उन्हें सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार, ग्राम जौलपुर धाम निवासी पूरन तिवारी एवं पान सिंह दोपहिया वाहन से टनकपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक एक गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। हमले में दोनों सड़क पर गिर पड़े और गुलदार पूरन तिवारी को पकड़कर झाड़ियों की ओर घसीटने लगा। घटना के दौरान मौके पर मौजूद ग्राम ज्ञानखेड़ा निवासी एवं टैक्सी यूनियन उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह धामी ने बिना देर किए साहसिक कदम उठाया। उन्होंने अपने वाहन को रोककर गुलदार का सामना किया और उसे खदेड़ दिया। इसके बाद उन्होंने दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अपने निजी वाहन से उप जिला चिकित्सालय टनकपुर पहुंचाया, जहां समय पर उपचार मिलने से दोनों की जान बच सकी। इस सराहनीय कार्य के लिए जिलाधिकारी ने राजेंद्र सिंह धामी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके साहस व मानवता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में इस प्रकार की निस्वार्थ सहायता समाज के लिए प्रेरणादायक है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे भी आपदा या आपात स्थिति में एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आएं और सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं।



## चालक की संदिग्ध मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**चंपावत** । पिथौरागढ़ - जिले से माल लेने गए एक ट्रक चालक की रुद्रपुर में उसके ही ट्रक के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है ।जबकि परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार , दर्शन सिंह (पुत्र स्व. दयाल सिंह), निवासी ग्राम धूरा, सूखीढांग, जिला चम्पावत, सेफ एक्सप्रेस कोरियर कंपनी के ट्रक (संख्या च 04 ष्ट 0866) के चालक थे । शनिवार शाम को वह दिनेशपुर के कालीनगर क्षेत्र में एक कंपनी से माल लेने पहुंचे थे । ट्रक को चंडीपुर रोड पर खड़ा कर वह केबिन में ही सो गए । रविवार सुबह करीब 6 बजे जब लोगों ने उन्हें उठाने की कोशिश की , तो वह बेसुध अवस्था में मिले। काफी प्रयास के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के भाई कैलाश सिंह, पत्नी ललिता देवी समेत अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का दावा है कि शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान हैं और यह प्राकृतिक मौत नहीं हो सकती । किसी ने सुनियोजित तरीके से हत्या की है । पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारण सामने आएंगे । परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

## नशे में वाहन चलाना पड़ा भारी वाहन चालक गिरफ्तार, वाहन सीज

**लोहाघाट।** एसपी चंपावत रेखा यादव के द्वारा सुगम एवं सुरक्षित यातायात हेतु समस्त थाना प्रभारीयों को अपने-अपने थाना क्षेत्र मे वाहन चेकिंग संचालित कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा नशा कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। एसपी चंपावत के निर्देश पर रविवार को थाना लोहाघाट पुलिस टीम द्वारा लोहाघाट नगर में की जा रही वाहन चैकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाते हुये पकड़े जाने पर पिकअप चालक मदन सिंह निवासी ग्राम गडेली थाना कनालीछीना पिथौरागढ को नियमानुसार गिरफ्तार कर वाहन संख्या च05ष्ट पिकअप को सी ? किया गया है । उपरोक्त सम्बन्ध में अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। चालक का ड्राइवरी लाईसैंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई है । सुगम एवं सुरक्षित यातायात एवं जन सामान्य की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी वाहन चालकों को यातायात के नियमो के अक्षरशः अनुपालन हेतु निर्देशित किया जा रहा है। पुलिस टीम मे अपर उ0नि0 धर्मन्द्र प्रसाद ,का0 भारत भूषण लोहाघाट,का0 अनिल शर्मा शामिल रहे।

## डीएम ने लिया संज्ञान बर्दाखान का शौचालय हुआ स्वच्छ

**चंपावत।** जिले के बाराकोट ब्लॉक के बर्दाखान में बना सार्वजनिक शौचालय लंबे समय से बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ था। शौचालय में गंदगी के ढेर लगे हुए थे। गंदगी व बदबू से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा था तथा लोगों को विशेष कर महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन से शौचालय में स्वच्छता करने की मांग की गई थी। मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने खंड विकास अधिकारी बाराकोट को शौचालय में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर आज सोमवार को खंड विकास अधिकारी बारांकोट के दिशा निर्देश पर पर्यावरण मित्रों के द्वारा सार्वजनिक शौचालय मे सफाई की गई। शौचालय के स्वच्छ होने से लोगों ने राहत की सांस ली साथ ही मामले का तत्काल संज्ञान लेने के लिए जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को सार्वजनिक शौचालय में समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाने के कड़े निर्देश दिए ।

## जनता मिलन में हर शिकायत का तत्काल निस्तारण करते हैं डीएम



**चंपावत।** अपनी विशिष्ट कार्य प्रणाली के चलते डीएम चंपावत मनीष कुमार चंपावत जिले की जनता के दिलों पर राज करने लगे । आज जनता मिलन कार्यक्रम में आए जोत सिंह पुत्र कुँवर सिंह, निवासी मऊ की शिकायत पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी लोहाघाट को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके क्रम में शिकायत का तत्काल निस्तारण किया गया। शिकायतकर्ता जोत सिंह ने अवगत कराया था कि वे ग्राम पुनियाल, पोस्ट मऊ के स्थायी निवासी हैं तथा उनकी खसरा/खतौनी में उनका नाम त्रुटिवश जीत सिंह दर्ज हो गया है, जबकि उनके अन्य सभी दस्तावेज—आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बीपीएल सूची, स्वास्थ्य कार्ड आदि में उनका नाम जोत सिंह अंकित है।जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी लोहाघाट ने मामले का परीक्षण करते हुए अभिलेखों का सत्यापन किया गया तथा खसरा/खतौनी में नाम की त्रुटि को सुधारते हुए जोत सिंह दर्ज कर दिया गया।शिकायत के त्वरित निस्तारण पर शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# मुद्दा व नेता विहीन है विपक्ष तीसरी बार भाजपा की बनेगी सरकार : हेमा

## विपक्ष सरकार पर लगा रहा अनर्गल आरोप

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**लोहाघाट।** दर्जा राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार जिले के लोहाघाट पहुंची दर्जा राज्य मंत्री हेमा जोशी ने प्रेस वार्ता में विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा विपक्षी पार्टी के पास न तो कोई मुद्दा है ना कोई लीडर जिस कारण वह भाजपा सरकार पर अनर्गल आरोप लगा रहे है। सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे हैं कार्यों व योजनाओं में जबरन मीन मेख निकालकर सरकार की छवि खराब करने का प्रयास विपक्ष के द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा आज उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देश का अग्रणी राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है ।धामी सरकार के द्वारा एक से बढ़कर एक जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है पर यह विपक्षी दलों को पसंद नहीं आ रहा है। दर्जा मंत्री हेमा जोशी ने कहा धामी सरकार में प्रदेश में पर्यटन व कृषि बागवानी को बढ़ावा देना हो चाहे युवाओं को रोजगार सरकार काफी तेजी से कार्य कर रही है । उन्होंने कहा अपने 4 साल के कार्यकाल में सीएम धामी के द्वारा लव जिहाद, लैंड जिहाद, सख्त नकल कानून जैसे कई कानून बनाकर अपराधियों को जेल भेजा गया है महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश आज ऊंचाई की नई बुलंदियों को छू रहा है जो विपक्षी पार्टियों को हजम नहीं हो पा रहा है। कहा प्रदेश मेंशिक्षा,चिकित्सा ,सड़क, कृषि बागवानी सहित कई मामलों में प्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने ऐलान करते हुए कहा 2027 विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा लगातार देवतुल्य जनता के सहयोग से लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है कहां मुख्यमंत्री उत्तराखंड में ही नहीं पूरे देश में लोकप्रिय होते जा रहे हैं बंगाल में भी उनका जादू चल चुका है।

उन्होंने कहा आज विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आता है। कहा नेता विहीन विपक्ष के पास सिर्फ एक मुद्दा बचा है सरकार के बेहतर कार्यों की आलोचना करना। उन्होंने कहा भाजपा वह पार्टी है जो अपने जमीनी कार्यकर्ता को भी उतना ही सम्मान देती है जितना शीर्ष पर बैठे नेता को जिसका उदाहरण में खुद हूं। कहां चंपावत जिले की जनता काफी खुश नसीब है क्योंकि मुख्यमंत्री धामी चंपावत के विधायक है।

कहा मुख्यमंत्री चंपावत विधानसभा के साथ-साथ बगल की विधानसभा लोहाघाट में भी लगातार विकास करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा पार्टी ने मुझे जो सम्मान दिया उसके लिए में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व पार्टी हाई कमान को धन्यवाद देता हूं।

# 7 घंटे में चोरी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार



**नैनीताल ।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई का उदाहरण पेश करते हुए महज 7 घंटे के भीतर चोरी की घटना का सफल खुलासा कर दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में चोरी किया गया लगभग ?50 हजार मूल्य का सामान भी बरामद कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी के सख्त निर्देशों के अनुपालन में चोरगलिया पुलिस ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने न केवल आरोपियों को दबोचा, बल्कि वारदात में प्रयुक्त स्कूटी को भी सीज कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 अप्रैल 2026 को देवपुर सनवाल निवासी बलजीत सिंह द्वारा अपने भाई के घर में 12 अप्रैल की रात हुई चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल एवं सीओ अमित सैनी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सघन पतारसी और सुरागरसी अभियान चलाया। इसके परिणामस्वरूप करन (26) और संजय बिष्ट (25), निवासी काठगोदाम को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो गीजर, एक पानी की मोटर, एक पंखा, 17 जोड़ी नए कपड़े सहित अन्य सामान बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?50 हजार बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त, वारदात में प्रयुक्त स्कूटी के वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर उसे मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में आवश्यक धाराओं की वृद्धि करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया है कि दोनों अभियुक्तों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है।

## 45 लाख की स्मैक समेत नशा तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा



**रुद्रपुर।** एसएसपी अजय गणपति के निर्देश में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब 45 लाख रुपये की स्मैक के साथ शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एएनटीएफ एवं कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही की। तस्कर के कब्जे से 150 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई (बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 45 लाख रुपये आंकी गई। आरोपी फैक्ट्री में काम करने की आड़ में अवैध नशे का कारोबार करता था।आपरेशन प्रहार के तहत थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्रान्तर्गत अटरिया-सिडकुल रोड पर सिडकुल ढाल के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 150 ग्राम अवैध स्मैक, एक बाइक बरामद की गई।आरोपी का नाम पता सुनील कुमार पुत्र भीकम लाल मौर्यानिवासी ग्राम कैमुआ, पोस्ट भमोरा, थाना भमोरा, जिला बरेली,हाल निवासी वार्ड नंबर 04, थाना ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर है। अभियुक्त पूर्व में वर्ष 2014 में थाना पंतनगर से चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह फैक्ट्री में कार्य करने की आड़ में रुद्रपुर क्षेत्र में स्मैक की तस्करी कर रहा था। बरामद स्मैक अपने साथी आशु ठाकुर निवासी फुलसुंगी, रुद्रपुर से लाना बताया है। पुलिस टीम में मोहन चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना ट्रांजिट कैंप, निरीक्षक राजेश पाण्डेय, प्रभारी एएनटीएफ, मनोज जलाल, भुवन चंद्र पाण्डेय, विनोद खत्री संजय भट्ट शामिल थे।

## शक्तिफार्म में निकली भव्य शिव बारात, शिव विवाह अनुष्ठान संपन्न

पर्वत प्रेरणा संवाददाता



**शक्तिफार्म।** गांव सुरेंद्रनगर स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव के तृतीय दिन भगवान शिव विवाह अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर में भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शिव बारात मुख्य चौक से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। बारात में साधु-संतों के साथ भूत-पिशाच का रूप धारण किए बच्चों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं, छोटे बच्चों द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती का स्वरूप धारण कर प्रस्तुति दी गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बारात के दौरान हर-हर महादेव के जयकारों और भजनों पर भक्तों ने नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गाजे-बाजे और गुलाल के साथ निकली इस शोभायात्रा का व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। शिव बारात में भगवान शिव, माता पार्वती, हनुमान, नारद और काली माता सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर चेयरमैन सुमित मंडल, ग्राम प्रधान सुमन हालदार, राजा हालदार, पूजा कमेटी अध्यक्ष देवाशीष पोद्दार, रंजीत हालदार, मोहित मंडल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूलों में अब किताबों के साथ मिलेंगी निःशुल्क नोटबुक्स



**नैनीताल/हल्द्वानी।** शिक्षा विभाग ने नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों के साथ-साथ नोटबुक्स भी उपलब्ध कराने की घोषणा की है। मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविन्द राम जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने और उनकी पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। शिक्षा निदेशालय के निर्देशों के अनुसार नोटबुक्स का वितरण कक्षानुसार किया जाएगा। योजना के तहत कक्षा 1 से 2 तक के प्रत्येक छात्र को 2 नोटबुक, कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को 3 नोटबुक तथा कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को 5 नोटबुक प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और उन्हें पढ़ाई के लिए जरूरी सामग्री की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही, इससे विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है। शिक्षा विभाग को उम्मीद है कि यह पहल शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

## पति पर अत्याचार के गंभीर आरोप, मारपीट व दुष्कर्म का केस दर्ज

**सितारगंज।** घरेलू हिंसा के एक गंभीर मामले में एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, जबरन संबंध बनाने और जान से मारने की कोशिश करने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक, उसका निकाह 27 अप्रैल 2025 को गांव कठगरी निवासी वसीम अंसारी के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही उसे लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि 11 अप्रैल 2026 की सुबह आरोपी पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसका हाथ टूट गया और शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए गए। विरोध करने पर आरोपी ने उसका गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की और किसी को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पहले भी कई बार इस तरह की हरकत कर चुका है, लेकिन सामाजिक दबाव के चलते वह चुप रही। उसके पास घटना से जुड़े फोटो और वीडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं, जिन्हें पुलिस को सौंपा गया है।

## एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत कवरेज के निर्देश

**अल्मोड़ा।** कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें टीकाकरण की आवश्यकता, महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी है, इसलिए पात्र लाभार्थियों को इससे आच्छादित करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि टीकाकरण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए लक्षित वर्ग का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। उन्होंने समाज में एचपीवी वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वैज्ञानिक जानकारी के प्रचार-प्रसार से लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि वे बिना संकोच टीकाकरण का लाभ उठा सकें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनसामान्य तक सरल और प्रभावी माध्यमों से जानकारी पहुंचाकर सकारात्मक माहौल तैयार किया जाए। बैठक में प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अरविंद पांगती ने बताया कि यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह विशेष रूप से जरूरी है और इससे गर्भाशय के कैंसर की रोकथाम में मदद मिलती है।

## मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** जनपद में मुख्यमंत्री द्वारा की गई विकासपरक घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें 4 जुलाई 2021 से अब तक की घोषणाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित और प्रगति पर चल रहे कार्यों का विस्तृत आकलन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं और इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए और चल रहे कार्यों में अपेक्षित गति लाई जाए। उन्होंने परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं की अद्यतन स्थिति निर्धारित पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और उच्च स्तर पर सटीक जानकारी उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। जिलाधिकारी ने भौतिक और वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा कार्यों में आ रही बाधाओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन विभागों की प्रगति धीमी है, वे तत्काल सुधारात्मक कदम उठाएं और कार्यों में तेजी लाएं।





